# ओबीओपी को प्रोत्साहन देगी सरकार

## एग्रीटेक

लखनऊ, विशेष संवाददाता। कृषि क्षेत्र को समेकित रूप से विकसित करने के लिए जल व मृदा संरक्षण के साथ-साथ फल-फूल, मत्स्य, पशुपालन, डेयरी और अन्य अनुषांगिक क्रियाओं को एकीकृत रूप से विकसित किया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर सराहना पा चुकी एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) की तर्ज पर प्रदेश स्तर पर एक ब्लाक एक उत्पाद (ओबीओपी) को प्रोत्साहित किया जाएगा।



इंदिरा प्रतिष्ठान में आयोजित एग्रीटेक सम्मेलन में सोमवार को कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही राज्य मंत्री बलदेव औलख, दिनेश प्रताप सिंह ने लोगों को श्री अन्न का वितरण किया।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित यूपी एग्रीटेक कांक्लेव-2023 के उद्घाटन के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमें कृषि क्षेत्र को बैक टू बेसिक के साथ-साथ टेक्नोफ्रैंडली बनाना होगा। उद्यान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि कृषि क्षेत्र के लिए जो स्टार्टअप तकनीक का विकास कर रहे हैं, उन्हें यह ध्यान रखना होगा कि उनकी तकनीक किसानों द्वारा अपनाने योग्य हो। कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि मिट्टी की गुणवत्ता को बरकरार रखते हुए खेत की जरूरतों के अनुसार उर्वरक, सिंचाई एवं खाद का प्रयोग किया जाए।